राजस्थान सरकार

<u>मंत्रिमण्डल सचिवालय</u>

विषयः— दिनांक 17 सितम्बर, 2024 को जिला प्रभारी मंत्रिगण के दौरा/भ्रमण के संबंध में।

माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा जिला प्रभारी मंत्रिगण को दिनांक 17 सितम्बर, 2024 को अपनी सुविधानुसार प्रभार वाले जिले/जिलों का दौरा कर निम्नानुसार कार्यक्रम में भाग लेने एवं कार्यों/योजनाओं की समीक्षा किए जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैः—

1.	प्रधानमंत्री आवास योजना—ग्रामीण (आवास स्वीकृति, लाभार्थी सम्मान एवं गृह प्रवेश कार्यक्रम)।
2.	स्वच्छता ही सेवा अभियान—2024 का शुभारंभ।
3.	मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव।
4.	विभिन्न राजकीय कार्यों का शिलान्यास—लोकार्पण।
5.	राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट के संबंध में आयोजित होने वाले जिला समिट की तैयारियों की समीक्षा।
6.	SDRF के तहत स्वीकृत/प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा।
7.	बजट घोषणाओं के तहत कराए जाने वाले कार्यों के लिये भूमि आवंटन की समीक्षा।

अतः कृपया माननीय मंत्री महोदय को भ्रमण के दौरान उपरोक्तानुसार कार्यक्रम में भाग लेने एवं कार्यों/योजनाओं की समीक्षा किये जाने की सुनिश्चितता हेतु अनुरोध करने की व्यवस्था करें। साथ ही इन बिन्दुओं पर मंत्री महोदय के स्तर पर हुई समीक्षा की रिपोर्ट दौरे के तुरन्त बाद मुख्यमंत्री कार्यालय तथा इसकी एक प्रति इस सचिवालय को भिजवाने की व्यवस्था भी करें ।

(डॉ. जोगा राम)
शासन सचिव

विशिष्ट सहायक/निजी सचिव
<u>समस्त उप मुख्यमंत्री/मंत्री/राज्य मंत्री</u>

अशा.टीप क्रमांक प. 11(31)मं.मं./2024
जयपुर, दिनांकः 15.9.2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. अति0 मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान।
2. संयुक्त सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान।
3. संबंधित जिला कलक्टर्स को प्रेषित कर लेख है कि कृपया जिला प्रभारी मंत्रिगण से सम्पर्क एवं समन्वय कर कार्यक्रम का आयोजन करावें।
4. आयुक्त, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग।
5. प्रोग्रामर, सामान्य प्रशासन विभाग।

RajKaj Ref
10509084

Signature valid
Digitally signed by शासन Joga Ram
Designation : Secretary To Government
Date: 2024.09.15 12:43:43 IST
Reason: Approved